हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस


वर्ष : 10 अंक : 283 | देहरादून, बुधवार, 11 मई, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



नई पहल : एक परिवार एक टिकट का फार्मूला लागू करेगी कांग्रेस 2

# चार धाम, व्यवस्था धड़ाम : 6 दिन में 20 तीर्थयात्रियों की मौत, पीएमओ ने तलब की ताज़ा रिपोर्ट







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

3 मई को चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 20 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है. उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि हृदय संबंधी समस्याओं और ऊंचाई की बीमारी के कारण इन लोगों की जान चली गई. यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में 14 यात्रियों की मौत हो चुकी थी. इनमें एक नेपाली मजदूर भी है. इनके अलावा केदारनाथ में पांच और बदरीनाथ में एक श्रद्धालु की मृत्यु की सूचना है. इस तरह छह दिन में 20 तीर्थयात्रियों की मौत ने यात्रा के आयोजकों और प्रशासन को चिंता में डाल दिया है...

केदारनाथ व यमुनोत्री धाम के लिए तीर्थ यात्रियों को कठिन रास्ता तय करना पड़ता है. ऊंचाई वाले क्षेत्रों से गुजरने वाले पैदल रास्ते में ठंड के साथ ऑक्सीजन की कमी होती है. ऐसे में पैदल चढ़ाई करने में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, अस्थमा से ग्रसित मरीजों को तबीयत बिगड़ने का खतरा रहता है....

Chardham Yatra Latest News: पिछले 6 दिनों में चारधाम यात्रा पर आये 20 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है. चार धाम यात्रा पर 20 लोगों की मौत के बाद पीएमओ ने भी रिपोर्ट मांगी है... उत्तराखंड में चार धाम यात्रा को लेकर सरकार की व्यवस्था पर सवालिया निशान लग गया है... पिछले 6 दिनों में चारधाम यात्रा में आये 20 लोगों की मौत हो गई है... चार धाम यात्रा पर 20 लोगों की मौत के बाद उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है... चार धाम यात्रा पर 20 लोगों की मौत के बाद पीएमओ ने भी रिपोर्ट मांगी है.... जिसके बाद उत्तराखंड स्वास्थ विभाग सभी हुई मौतों के कारण और इस पर रिपोर्ट बनाने में जुट हुआ है...

माना जा रहा है कि सबसे ज्यादा प्रभावित बीमार और बुजुर्ग श्रद्धालु हैं... इधर जब प्रदेश में जब यात्रा की व्यवस्थाओं में झोल नज़र आने लगा है और स्वास्थ्य सेवाओं , राहत शिविरों की पोल खुलने लगी है तो लोग प्रदेश के धर्मार्थ मंत्री और पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज को खोज रहे हैं जिन्होंने अधिकारीयों को सख्त चेतावनी दी थी लेकिन आज जो हालात बन रहे हैं ऐसे में खुद प्रधानमंत्री कार्यालय भी हैरान है और उसने रिपोर्ट मांग ली है।



ताजा जानकारी के मुताबिक गंगोत्री, यमनोत्री में 14, केदारनाथ में 5 और बद्रीनाथ धाम में 1 श्रद्धालु की मौत हो गई है...

**ये हैं चारधाम यात्रा- 2022 यात्रियों के लिए दिशानिर्देश-**

- स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत ही यात्रा के लिए प्रस्थान करें.
- पूर्व से बीमार व्यक्ति अपने चिकित्सक का परामर्श पर्चा एवं चिकित्सक का संपर्क नंबर अवश्य साथ रखें...

**हज़ारों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु**

तीन मई से यह यात्रा शुरू हुई थी. गंगोत्री-यमुनोत्री सहित अब केदारनाथ और बद्रीनाथ के कपाट भी खुल गए हैं जिससे यात्रा का पूरी तरह से आगाज हो चुका है. यात्री पहले धाम यमुनोत्री से अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं जिसके बाद गंगोत्री-केदारनाथ-बद्रीनाथ के दर्शन कर अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं. सीमांत जनपद उत्तरकाशी में स्थित यमनोत्री और गंगोत्री की तो दोनों धामों में बीते एक सप्ताह से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु पहुचं रहे हैं.

**70 फीसदी यात्री मेडिकली अनफिट, 13 की हुई मौत :** डॉक्टरों की मानें तो धामों में पहुंचने वाले करीब 70 फीसदी यात्री मेडिकली अनफिट हैं. जिनमें अधिकतर दमा, हाइपर टेंशन, शुगर के मरीज हैं जिससे यात्रियों की मौत भी हो रही है. सोमवार को मिली जानकारी के मुताबिक उत्तरकाशी जनपद के दोनों धामों व रास्ते में 13 लोगों की मौत हो चुकी है. जिसमें यमनोत्री धाम में 10 व गंगोत्री धाम में 03 लोग शामिल हैं...

यमनोत्री धाम सड़क से 5 किलोमीटर की पैदल दूरी पर है जहां चढ़ाई है. वैसे तो डंडी कंडी, खच्चर की सुविधाएं भी हैं लेकिन ज्यादतर श्रद्धालु पैदल ही जाना पसंद करते हैं. जिससे बीमार श्रद्धालुओं को दिक्कतें होती है... अभी तो यात्रा की शुरुआत हुई है देखना होगा कि प्रदेश सरकार और तमाम विभागों के मंत्री हालात को कैसे और कब तक सुधार पाएंगे।

# चंपावत को बनाएंगे पर्यटन स्थल : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

**देहरादून।** चंपावत विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को नामांकन के बाद खटीमा नगर तराई स्थित अपने ग्रह क्षेत्र पहुंचे.... वहीं, मंगलवार को खटीमा से देहरादून रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने अपने घर पर टनकपुर और बनबसा के दर्जनों युवकों को माला बनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई... मीडिया से बात करते हुए बेहद कॉंफिडेंट और जोश में नज़र आ रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चंपावत विधानसभा क्षेत्र के टनकपुर, बनबसा के दर्जनों युवकों ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर चंपावत के विकास के लिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है... उनका प्रयास रहेगा कि वह चंपावत की जनता की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए चंपावत को एक आदर्श विधानसभा बनाएंगे... सीएम धामी ने कहा कि चंपावत में कई धार्मिक स्थल है. यहां पर पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मानचित्र पर चंपावत को एक पर्यटन स्थल के रूप में अंकित कराएगे ... साथ ही शारदा नदी में साहसिक पर्यटन कराएंगे...



# चंपावत उपचुनाव : प्रचार को धार देने पहुंचेंगे कांग्रेस के 30 स्टार प्रचारक

**देहरादून।** चंपावत उपचुनाव में प्रचार के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भी आ सकते हैं। कांग्रेस की ओर से सोमवार को जारी की गई 30 स्टार प्रचारकों की सूची में दोनों नेताओं का नाम है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि पार्टी के स्टार प्रचारकों में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रीय महासचिव केसी. वेणुगोपाल, राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला भी चुनाव प्रचार के लिए आएंगे। स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, सहप्रभारी राजेश धर्माणी, सांसद प्रदीप टम्टा, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल, पूर्व मंत्री डॉ.हरक सिंह रावत, विधायक मयूख महर, पूर्व सांसद महेन्द्र सिंह माहरा, विधायक तिलकराज बेहड, विधायक आदेश चौहान, विधायक गोपाल सिंह राणा, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक रणजीत सिह रावत, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, प्रदेश अध्यक्ष, युवा कांग्रेस सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल राजेश रस्तोगी एवं प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई मोहन भंडारी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं।

**निर्मला 11 मई को करेंगी नामांकन :** कांग्रेस के महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने कहा कि चंपावत उपचुनाव में पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी निर्मला गहतोड़ी 11 मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। पार्टी प्रत्याशी के नामांकन में पार्टी के प्रदेश प्रभारी देवैंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पार्टी के समस्त विधायक, प्रदेश पदाधिकारी सहित वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए शीघ्र ही राष्ट्रीय नेताओं के चुनावी कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# नई पहल : एक परिवार एक टिकट का फार्मूला लागू करेगी कांग्रेस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (फ़िरोज़ गाँधी )**

भले देर से ही सही , लेकिन लगता है कांग्रेस ने अपनी नींद तोड़ दी है और जागते हुए पार्टी हित में बड़े कड़े और कई ताबड़तोड़ फैसले लिए हैं। कांग्रेस ने उदयपुर में चिंतन शिविर से पहले बड़े बदलाव की तैयारी कर ली है। सोमवार को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में एक परिवार में एक ही व्यक्ति को टिकट देने, अहम पद पर रहने के बाद तीन साल कूलिंग ऑफ पीरियड होने और पैनलों में बड़ी संख्या को कम करने जैसे प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि हाईकमान को सुझाव दिया गया था कि प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष या राष्ट्रीय कार्यकारिणी शामिल नेताओं को एक कार्यकाल पूरा होने के बाद तीन सालों तक पद से दूर रखा जाना चाहिए। इस पर सहमति बन गई है। इसके अलावा एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट देने पर भी सहमति बनी है। पार्टी का मानना है कि इससे वह भाजपा की ओर से लगाए जा रहे परिवारवाद के आरोपों का जवाब दे सकेगी। उदयपुर में 13 से 15 मई तक कांग्रेस का चिंतन शिविर होना है। इसमें इन सभी प्रस्तावों को पेश किया जाएगा। 2024 के आम चुनाव से पहले पार्टी उन सभी पेचों को कस लेना चाहती है, जहां कोई भी ढिलाई नजर आ रही है। इसी के तहत उसने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसके अलावा यूपी और बिहार जैसे राज्यों के लिए भी प्लानिंग करने में जुटी है। यही नहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर भी पार्टी की नजर है, जहां इसी साल के अंत तक चुनाव होने वाले हैं। इस चिंतन शिविर में 400 पार्टी नेता शामिल होंगे।






खुद गांधी परिवार पर भी लागू होगा एक टिकट का फैसला?कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद एक नेता ने कहा, 'एक परिवार एक टिकट के प्रस्ताव पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका ऐलान करेंगे। यह भी ऐलान किया जा सकता है कि 2024 के आम चुनाव में परिवार का एक ही व्यक्ति लड़ेगा।' इसके अलावा कांग्रेस में बदलाव की मांग करने वाले नेता संसदीय बोर्ड के भी पुनर्गठन की बात करते रहे हैं। राजनीतिक मामलों की समिति ने सुझाव दिया है कि पार्टी को देश भर में गठबंधन करने चाहिए। खासतौर पर लोकसभा चुनाव के लिए समान विचारधारा वाले दलों को साथ लेना चाहिए। बीते महीनों में जिस तरह से पार्टी को हार मिली है और आगे भी कई विधान सभा चुनाव आने वाले हैं ऐसे में अगर कांग्रेस नए रंग ढंग और फार्मूले के साथ मैदान में उतरती है तो इसका सीधा फायदा असंतुष्ट गुटों को साधने के साथ साथ कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने में भी नज़र आ सकता है।

# बिजली की बढ़ी डिमांड के बीच मौसम हुआ नरम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (मेहविश फ़िरोज़)**

चार धाम यात्रा ज़ोरों पर है , पर्यटन सीजन में सैलानियों का जमावड़ा भी लगने लगा है। ऐसे में बीते दिनों से जारी बिजली कटौती और डिमांड के बीच मौसम भी थोड़ा नरम पड़ता नज़र आ रहा है। आपको बता दें कि उत्तराखंड में बिजली की मांग इस सीजन में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मांग पहली बार 49.43 एमयू तक पहुंच गई। इस मांग को पूरा करने के लिए यूपीसीएल को बाजार से 14.67 एमयू बिजली बाजार से खरीदनी पड़ी। मंगलवार के लिए राज्य और केंद्र से कुल 34.76 एमयू बिजली उपलब्ध हुई। जो मांग 49.43 एमयू से काफी कम रही।इस कमी को पूरा करने के लिए 14.67 एमयू बिजली एनर्जी एक्सचेंज से खरीदी गई। यूपीसीएल की ओर से दावा किया जा रहा है कि मांग के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद भी बिजली का संकट नहीं रहेगा। मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली जुटा ली गई है।




**केदारनाथ में बिजली सप्लाई फिलहाल दुरुस्त हुई –**

एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने बताया कि केदारनाथ धाम में बिजली की सप्लाई पूरी तरह पटरी पर आ गई है। तीन दिन से बिजली की सप्लाई बिल्कुल भी बाधित नहीं हुई है। नोडल अफसर मुख्य अभियंता के साथ ही अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता समेत एई, जेई की टीम लगातार पूरे सप्लाई सिस्टम पर नजर रखे हुए है।मौसम विभाग ने 10 - 11 मई को केदारनाथ समेत बद्रीनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री समेत ऊंचाई वाले स्थानों में थंडर स्ट्रॉम, आकाशीय बिजली, हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया है। इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। मंगलवार के लिए उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जिलों में बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली चमकने, झोकेदार हवाएं चलने व तीव्र बौछारें पड़ने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चार धाम की यात्रा कर रहे यात्रियों से मौसम को ध्यान में रखकर आगे की यात्रा का सुझाव दिया है।

ॠषिकेश से रुद्रप्रयाग रुट के अलावा, रुद्रप्रयाग से जोशीमठ, जोशीमठ से बद्रीनाथ-हेमकुंड साहिब, रुद्रप्रयाग से केदारनाथ, ॠषिकेश से टिहरी, टिहरी से उत्तरकाशी, उत्तरकाशी से गंगोत्री, उत्तरकाशी से बड़कोट रुट पर मंगलवार को मौसम खराब रहने का अनुमान लगाया है।इसके अलावा कुमाऊं क्षेत्र की पहाड़ियों में कुछ स्थानों पर व गढ़वाल क्षेत्र की पहाड़ियों में अलग अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 11 मई को भी कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश, गर्जन के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।



# सहायक नगर आयुक्त को संसदीय मंत्री प्रेमचंद ने लगाई फटकार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ॠषिकेश में मनीराम मार्ग स्थित गली संख्या 08 में नगर निगम द्वारा किये गए पेंच वर्क की जांच करने अचानक कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पहुंचे। खराब गुणवत्ता पाये जाने पर उन्होंने मौके पर सहायक नगर आयुक्त को फटकार लगाते हुए सम्बंधित व्यक्ति पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही तिलक मार्ग में नाली पर नियमित सफाई न होने खाली प्लाट में कूड़ा पड़े होने पर सफाई निरीक्षक को कड़े निर्देश दिये।

मौके पर पहुंचे मंत्री अग्रवाल को स्थानीय लोगों ने बताया कि मनीराम मार्ग गली संख्या 08 में आंतरिक मार्ग का पेंच वर्क नगर निगम ने किया, मगर निम्न स्तर का कार्य इसमें किया गया। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मौके पर सहायक नगर आयुक्त आनंद सिंह मिश्रवाण को फटकार लगते हुए कहा कि डेढ़ लाख की लागत से पेंच वर्क किया गया, जिसकी पोल हल्की बारिश में खुल गयी।

वित्त मंत्री अग्रवाल ने सम्बंधित जेई और व्यक्ति पर कार्यवाही करने को कहा। साथ ही एक सप्ताह में पेंच वर्क को सही गुणवत्ता के साथ करने को कहा।

इसी बीच स्थानीय नागरिकों ने मंत्री अग्रवाल को नालियों पर सफाई न होने, पानी की लो प्रेशर की समस्या से भी अवगत कराया। इस पर मंत्री अग्रवाल ने मौके से जल संस्थान के अवर अभियंता से दूरभाष के जरिये वार्ता की और पानी की समस्या को 24 घंटे के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने मौके पर तिलक मार्ग पर नालियों में गंदगी पाई। उन्होंने एक लाठी की सहायता से नाली के भीतर की गहराई जानी। जिसे देख उनका गुस्सा ओर बढ़ गया। उन्होंने सफाई निरीक्षक धीरेंद्र सेमवाल को फटकार लगाते हुए लापरवाही से काम न करने को कहा। नालियों पर सफाई और मनीराम मार्ग में खाली प्लाट पर पड़े कूड़े को हटाने के निर्देश दिए। मंत्री अग्रवाल जी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही हम यहाँ तक पहुंचे है, ऐसे में उनके हितों का ध्यान रखना हमारा काम है। लापरवाही बरतने वाले अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा।इस मौके पर निगम पार्षद शिव कुमार गौतम, प्रभाकर शर्मा, प्रदीप कोहली, दीपक धमीजा, सन्दीप खुराना, जल संस्थान की जेई पिंकी चंद सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# सड़कों पर आधे अधूरे कार्यों का जवाब दे विभाग, वर्ना कड़ी कार्यवाही तय : राजेश कुमार डीएम देहरादून

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने शहर में विभिन्न स्थानों पर जल रिसाव से सड़कों पर बन रहे गड्ढे एवं सड़कों पर अवस्थित पड़ी बिजली की केबल/अपूर्ण कार्य जिनसे कभी भी कोई अप्रिय घटना होने की सम्भावना रहती है को गंभीरता से लेते हुए जन शिकायतों पर कडा रुख अपनाया है।

डीएम राजेश कुमार ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि नागरिकों की समस्या और उनकी शिकायतों पर जिला प्रशासन जिम्मेदार लापरवाह विभागों पर सख्त कार्यवाही करेगा। डीएम ने अधिशाषी अभियन्ता (दक्षिण) जल संस्थान एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत का स्पष्टीकरण तलब करने और 3 दिन के भीतर संतुष्टि पूर्वक जवाब न देने की दशा में आपदा प्रबन्धन अधिनियम एवं जनसुरक्षा अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दे दिए हैं। इतना ही नहीं कडा रुख अपनाते हुए डीएम राजेश कुमार ने स्पष्टिकरण का संतोषजनक प्रतिउत्तर प्राप्त न होने की दशा में स्मार्ट सिटी के कार्यों को सम्बन्धित संस्थान/विभाग से वापस लिये जाने की चेतावनी दी है ।

स्मार्ट सिटी के कार्यों में लापरवाही एवं लेटलतिफी के चलते जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर जिलाधिकारी (वि/रा) के.के मिश्रा को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार के निर्देशों के बाद अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए तीन दिन के भीतर उक्त के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

दरअसल मामला ये है कि स्मार्ट सिटी लि0 के कार्यों में अलग अलग माध्यमों से आये दिन शिकायतें मिल रही हैं कि पानी की पाईपलाईन रिसाव से शहर के विभिन्न आन्तरिक मार्गों पर जल रिसाव होकर जानलेवा मलबा इकट्ठा हो रहा है। जिसके कारण से सड़कों में गड्ढो का निर्माण होने से जहां एक ओर जलजनित बिमारियों एवं दुर्घटना का खतरा बना हुआ है , वहीं दूसरी ओर भूमिगत विद्युत लाईन के कार्यों में लेटलतिफी एवं लापरवाही के चलते सड़कों पर अव्यवस्थित पड़ी केबल इत्यादि सामग्री, अधूरे कार्यों जो आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है, जबकि जिलाधिकारी के बार-बार निर्देशित किये जाने के बाद भी सम्बन्धित विभागों ने आँखे बंद कर रखी हैं। जिससे ना केवल राहगीरों को दुश्वारी हो रही है बल्कि शहर की छवि भी धूमिल हो रही है, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आम जनता के हित और सुरक्षा के लिए ये बेहद कडा रुख अपनाते हुए आदेश दिया है। देखते हैं कि डीएम की इस फटकार और नाराजगी का कितना असर इन सोये हुए महकमो और लापरवाह अधिकारीयों पर पड़ता है।













# शाबास मित्र पुलिस : वृद्ध तीर्थयात्री को पुलिसकर्मी ने करवाया श्री हरि दर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्री बद्रीनाथ धाम में ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों की हौसला बढाती तमाम तस्वीरें दुनिया देख रही है। दुर्गम और कठिन रास्तों पर किसी देवदूत की तरह मुस्तैद अपने फ़र्ज के साथ साथ इंसानियत का धर्म भी ये जवान और अधिकारी निभा रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि इनमें सेवा भाव और समर्पण का जो पाठ एसपी श्वेता चौबे ने पढ़ाया और डीजीपी अशोक कुमार ने खुद मौके पर जाकर नेतृत्व करके दिखाया उसके बाद चमोली पुलिस का हर वर्दीधारी बेहद शानदार कर्तव्य निभाते दिख रहे हैं।

एक ऐसी ही तस्वीर का ज़िक्र यहाँ करना जरूरी है जिसमें एक पुलिसकर्मी ने खुद सहारा देकर एक बुजुर्ग श्रद्धालु को धाम में देव दर्शन कराये।

चमोली पुलिस के जवान अतिथि देवो भवः के भाव से दर्शनार्थियों की मदद कर मानवता दिखा कर मित्र पोलिस की छवि को दुनियाभर में एक आदर्श बना रहे हैं। आपको बता दें कि श्री बद्रीनाथ दर्शन हेतु आए अत्यधिक वृद्ध श्रद्धालु मंदिर दर्शन करने के उपरांत वापस आते समय अत्यधिक थकान व चलने में असमर्थ होने के कारण जमीन पर ही बैठ गए थे, तभी वहाँ ड्यूटी में नियुक्त आरक्षी अनूप पोखरियाल की नज़र उनपर पड़ी और उन्होंने तुरंत बुजुर्ग व्यक्ति के पास पहुँकर उनको सहारा देकर उठाया और उन्हें उनके पड़ाव तक पहुँचाया । आरक्षी अनूप पोखरियालकी इस सेवा भावना को देखकर तमाम तीर्थयात्रि ने प्रशंसा की और उत्तराखंड मित्र पुलिस विभाग का धन्यवाद किया।

# बीते सालों में जानिए आटा, दाल, तेल की कीमत में कितनी बढ़ी रफ्तार ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देश में अगर आप किसी भी राज्य की किसी भी घरेलु महिला से उसका बजट और राशन जिक्र करेंगे तो वो खीज उठेगी , वजह है मंहगाई .... क्योंकि ये वो दर्द है है जो बेहिसाब बढ़ता ही जा रहा हैं क्योंकि हम वर्ग के लिए महंगाई इन दिनों बेलगाम है। सैलरी तो राशन, दूध, सब्जी और सिलेंडर पर ही पूरी खर्च हो रही है। लोअर मिडिल क्लास जो 10 से 20 हजार रुपए महीना सैलरी पर जी रहे हैं, उनके लिए 5 साल में सब कुछ बदल चुका है। इस महंगाई में मकान का किराया, बिजली-पानी बिल या बच्चों की स्कूल फीस तो अलग है। बात सिर्फ रसोई की




हो रही है। 2016 में जो रसोई 10 से 20 हजार की सैलरी वालों को दो वक्त की दाल-रोटी दे रही थी। वह अब निवाला छीनने को बेताब है।

आटा – आज से 10 साल पहले एक किलो आटा 22.48 रुपये का आता था. इस हिसाब से 4 रोटी बनाने में 2.24 रुपये का आटा लगता था. वहीं, आज एक किलो आटा 32.91 रुपये का आ रहा है. लिहाजा 4 रोटी बनाने में 3.29 रुपये का खर्च आ रहा है. यानी, 10 साल में ही 4 रोटी की कीमत एक रुपये तक बढ़ गई. आटे की बात इसलिए, क्योंकि इसकी कीमत अब रिकॉर्ड तोड़ रही है. जनवरी 2010 के बाद आटे की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर है. उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, 9 मई को देश में एक किलो आटे की औसत कीमत 32.91 रुपये रही. अकेले एक साल में ही एक किलो आटे की कीमत 4 रुपये से ज्यादा बढ़ गई है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, देश में गेहूं का उत्पादन घट रहा है और स्टॉक भी कम हो रहा है. इसके अलावा, देश के बाहर गेहूं की डिमांड भी बढ़ रही है...

**चावल-दाल, तेल, नमक भी महंगा –** सिर्फ आटा ही नहीं, बल्कि चावल-दाल, तेल और नमक की कीमत भी काफी बढ़ गई है. 10 साल में एक किलो चावल की कीमत 42 फीसदी तक बढ़ गई है. 9 मई 2013 को एक किलो चावल की औसत कीमत 25.40 रुपये थी, जो 9 मई 2022 को बढ़कर 36.07 रुपये हो गई है. इसी तरह तुअर दाल की कीमत में 48 फीसदी का उछाल आया है. एक किलो तुअर दाल की कीमत 10 साल में 70 रुपये से बढ़कर 102 रुपये के पार पहुंच गई है...

इसके अलावा तेल की कीमतें भी जमकर बढ़ी हैं. मूंगफली तेल 10 साल में 43% तक महंगा हो गया है. सरसों के तेल की कीमत 84% तक बढ़ी है. सबसे ज्यादा तो पाम ऑयल महंगा हुआ है. इसकी कीमत 10 साल में 140% बढ़ गई है. जबकि, वनस्पति तेल 10 साल में 129% महंगा हो गया है. हाल के कुछ महीनों में बेकरी प्रोडक्ट्स, बिस्किट और ब्रेड की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है. बेकरी ब्रेड की खुदरा महंगाई इस साल मार्च में 8.39 फीसदी रही थी, जो 7 साल में सबसे ज्यादा है. जैम बिस्कुट, मैरी गोल्ड जैसे बेकरी आइटम्स बनाने वाली ब्रिटानिया आने वाले समय में अपनी कीमतों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी करने की तैयारी में है... ऐसे में राहत की कोई गुंजाइश दूर तलक नज़र नहीं आ रही है।



# स्पीकर ऋतू खंडूरी ने यूपी एसीएस होम अवनीश अवस्थी से एसटीपी और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर की वार्ता



न्यूज़ वायरस नेटवर्क


उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने उत्तर प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव ग्रह अवनीश कुमार अवस्थी से लखनऊ जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपर मुख्य सचिव से अपनी विधान सभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की ।

विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के उत्तर प्रदेश की सीमा क्षेत्र के अंतर्गत सीवर ट्रीटमेंट प्लांट तथा तथा कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड के संबंध में चर्चा की । आपको बता दें कि पहले से ही नगर निगम कोटद्वार का सीवर एवं ट्रीटमेंट प्लांट अभिभाजित उत्तर प्रदेश की सीमा के अंतर्गत आता था, तथा तत्कालीन नगर पालिका के समय से ही सीवर उक्त फार्म में ही ट्रीटमेंट किया जाता रहा है, इसके अलावा कोटद्वार गढवाल से लगे बिजनौर जनपद के इलाकों में कोटद्वार से ही सिंचाई, पेयजल तथा विद्युत की आपूर्ति की जाती रही है, इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अपर मुख्य सचिव से पूर्ववर्ती सीवर फार्म एवं ट्रीटमेंट की भूमि को उत्तराखंड के उपयोग के लिए दिये जाने की मांग की ताकि विकराल रूप धारण कर रही सीवर ट्रीटमेंट के साथ-साथ कूडा निस्तारण की समस्या का भी हल हो सके।

विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत नजीबाबाद कोटद्वार सड़क मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण के संबंध में भी अपर मुख्य सचिव से जानकारी ली ।

आपको बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार नजीबाबाद खस्ताहाल सड़क मार्ग का संज्ञान लेते हुए एनएचएआई के अधिकारियों से वार्ता कर इस सड़क मार्ग को दुरुस्त कराया गया था, इस संबंध में एनएचआई के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को जानकारी दी गई थी कि जल्द ही सड़क के चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाना है जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ने कोटद्वार नजीबाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए दिए गए सुझाव पर विधानसभा अध्यक्ष का आभार भी व्यक्त किया ।

# संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा का निधन, महाराष्ट्र गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी ने दी श्रद्धांजलि



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मशहूर संतूर वादक और संगीतकार पंडित शिवकुमार शर्मा का 84 वर्ष की आयु में मंगलवार को मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह पिछले छह महीने से किडनी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे और पिछले 6 महीने से डायलिसिस पर थे। समाचार एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, पंडित शर्मा ने मंगलवार को मुंबई में अपने निवास स्थान पर अपनी आखिरी सांसें लीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित शिवकुमार शर्मा के निधन पर शोक प्रकट किया। वहीँ महाराष्ट्र के गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी ने इस दिग्गज संगीत कलाकार के निधन को बड़ी क्षति बताते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल कोश्यारी ने अपने शोक सन्देश में दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए उन्हें एक शानदार शख्सियत , एक आदर्श गुरु और संगीत का अनन्य पुजारी बताते हुए कहा कि उन्होंने दुनियाभर में अपनी विधा के नए नए प्रयोग से करोड़ों संगीत प्रेमियों को अपना चहेता बनाया है जो आज उनके जाने से दुखी हैं।



**लम्बे समय से थे किडनी की बीमारियों से पीड़ित :** जम्मू में जन्मे संगीतकार पंडित शिवकुमार शर्मा ने कभी जम्मू और कश्मीर के एक अल्पज्ञात संगीत वाद्य यंत्र संतूर को विश्व स्तर पर पहुंचाया। उन्हें 'सिलसिला', 'लम्हे', 'चांदनी' और 'डर' जैसी फिल्मों के लिए बांसुरी के दिग्गज पंडित हरिप्रसाद चौरसिया के संगीत के लिए भी याद किया जाएगा। संगीत जोड़ी शिव-हरि ने कई फिल्मों में संगीत दिया। पंडित शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी मनोरमा और दो बेटे हैं, जिनमें से एक राहुल शर्मा हैं जो स्वयं एक कुशल संतूर वादक हैं। न्यूज़ वायरस नेटवर्क भी ऐसे अद्भुत संगीत के पुजारी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करता है।

# सतपाल महाराज और अभिनेत्री रकुल प्रीत ने दुबई में उत्तराखंड की ब्रांडिंग की






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (आशीष तिवारी )**

पर्यटन मंत्री  सतपाल महाराज ने कहा है कि उत्तराखंड को अपार प्राकृतिक सुंदरता का उपहार मिला है, जो सदियों से देश-दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

दुबई में आयोजित चार दिवसीय अरेबियन ट्रैवल मार्केट (एटीएम) के दूसरे दिन स्थानीय मीडिया से बात करते हुए मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश सरकार एतिहासिक महत्व के कई पर्यटक स्थलों को पर्यटकों के लिए खोल रही है। इनमें से गरतांग गली की सीढ़ियों को पहले ही खोला जा चुका है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि करीब दो साल बाद कोरोना से सामान्य हुई स्थिति को देखते हुए एक बार फिर से उत्तराखण्ड में सभी पर्यटन गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। तीन मई से शुरू हुई विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में इस साल बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की आने की उम्मीद है। इसके लिए सरकार की ओर से सभी तैयारियां की गई हैं।

उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले में गरतांग गली का विशेष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत-तिब्बत व्यापार की गवाह रही नेलांग घाटी में स्थित ऐतिहासिक गरतांग गली की सीढ़ियों का देश दुनिया के पर्यटक दीदार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माताओं को भी राज्य में विभिन्न दर्शनीय स्थलों की फिल्म शूटिंग क्षमता का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। ऋषिकेश के बीटल्स आश्रम की बात करते हुए उन्होंने कहा कि बीटल्स ने उत्तराखण्ड के ऋषिकेश में बीटल्स आश्रम में कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों की रचना की, जिसमें देहरादून पर एक गीत भी शामिल है।

रुद्रप्रयाग जिले के चोपता का जिक्र करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि चोपता अद्वितीय सौंदर्य से भरपूर है। प्रदेश में पर्यटन से संबंधित बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर सतपाल महाराज ने बताया कि हरिद्वार में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा विकसित किया जा रहा है और वह दिन दूर नहीं जब हरिद्वार से चारधाम, योग और गंगा दर्शन के लिए उड़ाने भरी जाएंगी।

पर्यटकों के बीच होमस्टे और स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार के प्रयासों की भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि हम दीनदयाल होमस्टे योजना के तहत स्थानीय लोगों को होमस्टे स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दे रहे हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान  रूपिंदर बराड़ अपर महानिदेशक केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय,  रकुल प्रीत फिल्म अभिनेत्री,  के. कालीमथू सांस्कृतिक सचिव भारतीय दूतावास, दुबई, प्रशांत रंजन, निदेशक केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के अपर निदेशक विवेक सिंह चौहान और नैनीताल जिला पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे मौजूद रहे।

# सैन्यधाम देहरादून में कारगिल युद्ध के शहीदों  का हुआ सम्मान, IOC अध्यक्ष ने परिवारों को सम्मानित किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने कारगिल शहीदों की याद में एक स्मृति संध्या का आयोजन किया.. सैन्य धाम उत्तराखंड में यह पहला मौका था जब इंडियन ऑयल के चेयरमैन ने करगिल शहीदों को सम्मानित करने के साथ साथ देश के नाम एक खूबसूरत और सुरक्षित कंपोजिट गैस सिलेंडर को भी लॉन्च किया। इस अवसर पर देश के कई राज्यों से कारगिल शहीदों के परिजन और सैन्य परिवारों से जुड़े लोग पहुंचे थे।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने देहरादून में आयोजित इस सम्मान समारोह में ऑपरेशन विजय के शहीद परिवारों को सम्मानित करते हुए इंडियन फर्स्ट फिर ऑयल के मिशन पर आईओसी के लक्ष्य को समझाया।

इस दौरान चेयरमैन वैद्य ने कारगिल युद्ध के शहीदों के परिवारों से मुलाकात की । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल संजीव खत्री वीएसएम, जीओसी उप क्षेत्र देहरादून उपस्थित थे । मातृभूमि की रक्षा करने वाले सैनिकों द्वारा ऑपरेशन विजय के दौरान राष्ट्र की सेवा में किए गए सर्वोच्च बलिदान के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप इंडियनऑयल ने शहीदों के परिवारिजनों द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-II के तहत उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के  पेट्रोल पंप और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को सम्मानित किया ।







शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, अध्यक्ष आईओसी वैद्य ने ₹स्मरण की दीवार₹ - एक दीवार जिस पर युद्ध नायकों की तस्वीरों को दर्शाया गया है पर दीप प्रज्ज्वलित किया ।  राजकुमार दुबे, कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख, इंडियन ऑयल, उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय- II,  अजय गर्ग, सीजीएम (आरएस), यूपीएसओ II, भारतीय सशस्त्र बलों और इंडियनऑयल के वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

अपने संबोधन के दौरान इंडियनऑयल के अध्यक्ष ने कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदान की सराहना की और शहीदों के परिवारों को पुनर्वास प्रदान करने के लिए इंडियनऑयल द्वारा किए गए अथक प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि इंडियन ऑयल पहले इंडियन फिर ऑयल के मूल मंत्र  के साथ राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित है और इंडियन ऑयल द्वारा युद्ध के नायकों के परिवारों के लिए आजीविका का स्रोत सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयास इसके परिचायक हैं ।

सभा को संबोधित करते हुए मेजर जनरल संजीव खत्री ने करगिल युद्ध के दौरान इंडियनऑयल के प्रयासों की सराहना की और शहीदों के परिवारों की आजीविका हेतु इंडियनऑयल द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

इस अवसर पर श्रीकांत माधव वैद्य ने भारतीय सशस्त्र बलों के पूर्व अधिकारियों को नवीनतम कंपोसीट एलपीजी सिलेंडर भी प्रदान किए।

# मिलेगी दफ्तर में 30 मिनट्स की सोने की छुट्टी, ये है ऑफर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

दफ्तर में काम के दौरान नींद , जी हां अगर दफ्तर में काम के दौरान झपकी आ गई और आप कुर्सी पर बैठे बैठे सो गए तो सीसीटीवी में लगे कैमरे से निगरानी कर रहा बॉस आप पर कड़ी कार्यवाही भी कर सकता है। लेकिन हिंदुस्तान में अब पहली बार ऐसा होगा के दफ्तर में सोने के लिए आपको आरामदायक कमरे और बेहतरीन बिस्तर दिए जाएंगे , ताकि आप थोड़ी देर सो कर खुद को तरोताजा कर सके।

योजना तैयार है जिसमें आपको नींद भी मिलेगी और वो भी होगा आपके ड्यूटी के दौरान , अब आप सोच रहे होंगे कि लोग दफ्तर तो काम करने जाते हैं तो फिर दफ्तर में नींद कैसी ? तो जनाब यही वजह है कि इस खबर की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है और कहां जा रहा है कि यह एक बेहतरीन पहल है, ताकि कर्मचारियों की परफॉर्मेंस और भी सुधार आ सके .... चलिए आपको पूरी खबर बताते हैं।

अभी तक आपने ऑफिस में सिर्फ काम ही काम के बारे में सुना होगा। कई बार तो लोग थक कर ये तक कह देते हैं कि आखिर कितना काम कराया जाएगा। तो वहीं कई बार थकने की वजह से कई कर्मचारियों को नींद भी आने लगती है। नींद हर इंसान को प्यारी होती है, ऑफिस में लंच ब्रेक तो होता है मगर नींद के लिए ब्रेक शायद आपने भी कभी नहीं सुना होगा। मगर हाल ही में एक भारतीय कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए शानदार पहल की है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान थोड़ी देर नींद लेने का ऑफर दिया है।

कंपनी ने कहा कि उनके कर्मचारी अब दफ्तर में आधे का नींद ले सकते हैं। तो वहीं कंपनी ने सोने का ऑफिशियल समय भी





घोषित कर दिया है। इस बात पर भले ही आपको यकीन नहीं हो रहा होगा, लेकिन ये सच है। खबरों के मुताबिक बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी Wakefit ने अपने कर्मचारियों को एक मेल जारी किया है। जिसमें कहा गया कि वो दोपहर के वक्त आधे घंटे की नींद ले सकते हैं। कंपनी ने ट्विटर पर भी इसकी घोषणा की, जिसके बाद से फैसले की चर्चा दुनियाभर में हो रही है। साथ ही लोग कंपनी के मैनेजमेंट की भी तारीफ कर रहे।

दरअसल, स्टार्टअप कंपनी वेकफिट सॉल्यूशन सोने के सामान ही बनाती है। कर्मचारियों के लिए की गई ये अच्छी शुरुआत उसके ब्रांड के साथ भी मैच करता है। तो वहीं, कंपनी के सह-संस्थापक चैतन्य रामालिंगेगौड़ा का कहना है कि दोपहर में सोने से परफॉरमेंस बेहतर होता है और प्रोडक्टिविटी भी अच्छी रहती है। उन्होंने इसके लिए NASA की स्टडी और हावर्ड की स्टडी का भी हवाला दिया है। जिसमें साफ कहा गया है कि 26 मिनट की नींद से काम के दौरान प्रदर्शन 33% अच्छा हो जाता है।

कंपनी का कहना है कि कर्मचारियों के लिए सोने का सही वातावरण बनाने पर भी ध्यान दिया जाएगा। सभी कर्मचारी ऑफिस के अंदर ही इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। ऑफिस में आरामदायक नैप पॉड्स और शांत कमरे बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। कर्मचारी तय वक्त पर वहां जाकर झपकी ले सकते हैं। आपके बता दें कि वेकफिट कंपनी को मार्च 2016 में अंकित गर्ग और रामलिंगगौड़ा ने मिलकर शुरू किया था।

# देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार 2.2% से घटकर 2%, मुस्लिमों के बीच रेट अधिक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





जनसंख्या बढ़ रही, घट रही है या स्थिर है इसको लेकर लोगों के मन में कई सवाल रहते हैं। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (NFHS) की ताजा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार कम हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार 2.2% से घटकर 2% रह गई है। बच्चे कम पैदा हो रहे हैं और सभी धर्मों में यह पहले की तुलना में कम हुआ है। वहीं बेटियों को लेकर देश में धीरे ही सही लेकिन सोच बदल रही है। देश में दो बेटियों वाली 65 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं जिन्हें बेटे की कोई ख्वाहिश नहीं है। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 की ताजा रिपोर्ट में यह बात निकलकर आई है।

**किस धर्म में किस रफ्तार से बढ़ रही जनसंख्या**


सभी धार्मिक समूहों में अब पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं। 2015-16 में किए गए चौथे नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (NFHS) और पांचवें 2019 - 21, इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि उच्च प्रजनन दर वाले समूहों में तेजी से गिरावट देखी जा रही है। इस प्रकार, मुसलमानों में एनएफएचएस -4 और एनएफएचएस -5 के बीच 2.62 से 2.36 तक 9.9% की सबसे तेज गिरावट देखी गई है। यह अन्य समुदायों की तुलना में अधिक है। 1992-93 में सर्वेक्षणों की शुरुआत के बाद से, भारत में TFR कुल प्रजनन दर 3.4 से 40% से अधिक गिरकर 2.0 हो गया है। साथ ही यह उस लेवल पर पहुंच गया है जो जनसंख्या आंकड़े को स्थिर रखे।

**एक ही समुदाय के लिए TFR राज्यों के हिसाब से अलग**

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चलता है कि मुसलमानों के अलावा अन्य सभी प्रमुख धार्मिक समूहों ने अब प्रतिस्थापन स्तर से नीचे का टीएफआर हासिल कर लिया है। वहीं सर्वे के प्रत्येक चरण में तेजी से गिरावट के बावजूद मुस्लिमों के बीच यह रेट थोड़ा अधिक है। एनएफएचएस के अब तक के पांच सर्वे में मुस्लिम टीएफआर में 46.5 फीसदी की गिरावट आई है, हिंदुओं में 41.2 फीसदी और ईसाइयों और सिखों के लिए लगभग एक तिहाई की गिरावट आई है।

**गर्भनिरोधक को लेकर क्या सोचते हैं पुरुष**

सर्वे में 35% पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक अपनाना महिलाओं का काम है। वहीं, 19.6% पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक का उपयोग करने वाली महिलाएं स्वच्छंद हो सकती हैं। सर्वे में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 707 जिलों से करीब 6.37 लाख सैंपल लिए गए। चंडीगढ़ में सबसे अधिक 69% पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक अपनाना महिलाओं का काम है और पुरुषों को इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। केरल में सर्वेक्षण में शामिल 44.1 प्रतिशत पुरुषों के अनुसार गर्भनिरोधक का उपयोग करने वाली महिलाएं स्वच्छंद हो सकती हैं। केवल 5 राज्य ऐसे हैं जहां प्रजनन दर 2.1% से ज्यादा है। ये हैं - बिहार, मेघालय, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मणिपुर।



## संपादकीय

### मैनुफैक्चरिंग हब बनता भारत

दो, कोविड-19 की वजह से चीन के प्रति वैश्विक नकारात्मकता के बाद अब वहां फिर कोरोना संक्रमण के कारण उत्पादन ठप होने और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से वैश्विक उद्योग और पूंजी का भारत के दरवाजे पर दस्तक देना. तीन, निर्यात आधारित बनने की भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रवृत्ति. चार, भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डॉयलॉग (क्वाड) के कारण उद्योग-कारोबार में वृद्धि. छह मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो से 'जीतो कनेक्ट 2022' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत हमारा रास्ता भी है और संकल्प भी. इस समय वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा और विदेशी वस्तुओं के उपयोग को कम करने के साथ देश में प्रतिभा, उद्योग, व्यापार और प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित किया जा रहा है. दुनिया भारत के उत्पादों की तरफ बड़े भरोसे से देख रही है और भारत को मैनुफैक्चरिंग हब बनाने में विभिन्न देशों का अच्छा सहयोग और समर्थन मिल रहा है. उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैनुफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टरों को प्राथमिकता के साथ बढ़ाया जा रहा है. चूंकि अभी भी देश में दवाई, मोबाइल, चिकित्सा उपकरण, वाहन तथा इलेक्ट्रिक जैसे कई उद्योग बहुत कुछ चीन से आयातित माल पर आधारित हैं. ऐसे में चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष में सरकार ने पीएलआई स्कीम के तहत 13 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किया है. कुछ उत्पादक चीनी कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं. पीएलआई योजना से अगले पांच वर्षों में देश में लगभग 40 लाख करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं का उत्पादन होगा. कोविड-19 के बीच चीन के प्रति बढ़ी वैश्विक नकारात्मकता और 2022 में चीन में कोरोना संक्रमण के कारण उद्योग-व्यापार के ठहर जाने से चीन से बाहर निकलते विनिर्माण, निवेश और निर्यात के मौके भारत की ओर आने लगे हैं. मार्च, 2020 से 2022-23 के बजट के तहत सरकार द्वारा मैनुफैक्चरिंग सेक्टर के लिए उठाये गये कदमों के साथ-साथ भारतीय उत्पादों को अपनाने के प्रचार-प्रसार से देश के उद्योगों को आगे बढ़ने का मौका मिला है. कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार ने नयी कृषि निर्यात नीति के तहत कृषि निर्यात से संबंधित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्कृत उद्योगों को बढ़ावा दिया है. भारत में श्रम लागत चीन की तुलना में सस्ती है. भारत के पास तकनीकी और पेशेवर प्रतिभाओं की भी कमी नहीं है. केंद्र सरकार ने उद्योग-कारोबार, कराधान और श्रम कानूनों को सरल बनाया है. इससे भी उद्योग-कारोबार आगे बढ़ रहे हैं. भारत की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर भारत को मैनुफैक्चरिंग हब बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है. कोविड और यूक्रेन संकट की चुनौतियों के बीच 2021-22 में भारत का उत्पाद निर्यात 419.65 और सेवा निर्यात 249.24 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना यह संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है. ज्ञातव्य है कि 2020-21 में भारत का उत्पाद निर्यात 292 अरब डॉलर तथा सेवा निर्यात 206 अरब डॉलर रहा था. साथ ही मैनुफैक्चरिंग सेक्टर के आगे बढ़ने के मौके बढ़ रहे हैं.

# एमडीडीए में नौकरी के झूठे विज्ञापन का खुद एमडीडीए ने किया खंडन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

फर्जीवाड़ा करने वालों ने अब एमडीडीए को भी टारगेट कर लिया है। जी हाँ बेरोज़गारों को बेवकूफ बना कर नौकरी का झूठा ऑफर देकर कमाई करने की फिराक में कुछ अज्ञात लोगों ने शर की दीवारों पर एक विज्ञापन चस्पा किया है जिसको देखर खुद एमडीडीए भी हैरान है और अब विभाग ने इसको संज्ञान लेते हुए खंडन किया है और लोगों से अपील की है कि वो इस तरह के जाह्ने में हरगिज़ न आये। प्राधिकरण ने एक अपील जारी करते हुए कहा है कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा शहर के कुछ स्थानों यथा शिमला बाईपास रोड पर पोस्टर लगा के MDDA में जे ई एवं सुपरवाइजर की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है । इस संदर्भ में सर्व साधारण को यह अवगत कराना है कि उक्त पोस्टर पूर्णतया भ्रामक एवं गलत है तथा कानूनन यह कार्य गलत एवं दंडनीय है , प्राधिकरण या कोई भी अन्य सरकारी संस्था इस तरह की किसी भी भर्ती के लिये उचित माध्यम यथा समाचार पत्र, सरकारी वेब साइट आदि का प्रयोग करती है । यह खंडन आम जनहित में जारी किया जा रहा है ।




# पति-पत्नी की आपसी लड़ाई में बच्ची की जान गई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी के विकासखंड मोरी के कुनारा गांव में पति, पत्नी की आपसी लड़ाई में चार माह की बच्ची की जान चली गई। पत्नी ने पति पर बच्ची को जमीन पर पटक कर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

विकासखंड मोरी के कुनारा गांव में सोमवार रात पति और पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में पति ने पत्नी की गोद में सो रही चार माह की बच्ची को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इस संबंध में पत्नी सुनीता ने मोरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। सुनीता ने बताया कि उसका पति बजरंगी अक्सर उससे झगड़ता है। सोमवार रात भी वह किसी बात पर उससे झगड़ पड़ा। इसी दौरान बजरंगी ने सुनीता की गोद में सो रही चार माह की बच्ची को उठाकर जमीन पर पटक दिया।

सुनीता बच्ची को पीएचसी मोरी में लाई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुनीता व बजरंगी की दो वर्ष पहले शादी हुई थी। बजरंगी बलरामपुर यूपी का निवासी है और शादी के बाद कुनारा गांव में रह रहा है। थानाध्यक्ष मोरी मोहन मोहन कठैत ने बताया कि सुनीता की शिकायत पर बजरंगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।



# असानी चक्रवात : तट के करीब आते-आते कमजोर पड़ रहा तूफान, आज और बदलेगा रास्ता, ओडिशा में दो दिन भारी बारिश की चेतावनी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात असानी की तीव्रता तट के करीब आते आते कम हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को यह पूर्वी तट के और करीब पहुंच गया और पहले से कमजोर हुआ। दिन में पूर्वी तट पर 105 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय मोहापात्रा ने कहा, असानी अपने चरम तक पहुंच चुका है और अब यह धीरे धीरे कमजोर पड़ेगा।

मंगलवार शाम तक इसके और कमजोर होते हुए उत्तर उत्तर पूर्व दिशा में पूर्वी तट के समांतर होते हुए आगे बढ़ने के आसार है। मंगलवार को असानी आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से दक्षिण दक्षिण पूर्व में 210 किलोमीटर और ओडिशा के गोपालपुर से दक्षिण दक्षिण पश्चिम में 530 किलोमीटर की दूरी पर है।

मंगलवार शाम तक आंध्र प्रदेश तट के करीब पहुंचने के बाद यह अपनी चाल बदलेगा और ओडिशा तट के साथ साथ आगे बढ़ेगा। मोहापात्रा ने कहा, भीषण चक्रवाती तूफान बुधवार तक कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा और बृहस्पतिवार को यह गहरे दबाव में बदल जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्रालय ने मंगलवार को चक्रवाती तूफान 'असानी' से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। एनडीआरएफ ने गृहमंत्रालय को बताया कि असानी से प्रभावित होने वाले इलाकों में राहत कार्य के लिए 50 टीमों को मोर्चे पर लगाया है। इनमें से 22 टीमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्रप्रदेश में हैं। वहीं, शेष 28 टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। राज्यों में तैनात की गई 22 में से 12 टीमें पश्चिम बंगाल, 9 आंध्रप्रदेश और एक टीम ओडिशा के बालासोर में तैनात है। एनडीआरएफ मुख्यालय असानी की चाल पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

असानी के कारण पुरी और खुर्दा में मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटीय क्षेत्र में कुछ जगहों पर मंगलवार शाम के बाद से भारी बारिश हुई। मंगलवार रात तक आंधियों की रफ्तार 80 से 90 और बुधवार शाम तक 60 से 70 किमी प्रति घंटा हो जाएगी।

मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक ओडिशा के तटों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही मछुवारों को बृहस्पतिवार तक समुद्र से दूर रहने को कहा है। वहीं राज्य सरकार ने चेतावनी के बाद भी समुद्र की ओर जाने वालों पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने का एलान किया है। गंजम जिले के छत्रपुर में पांच नावें समुद्र में फंस गईं। राहत की बात है कि इन पर सवार सभी 65 मछुवारे तैर कर सुरक्षित निकल आए। ये नावें चेतावनी के बावजूद समुद्र में गई थीं। इस हादसे के बाद ही राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन कानून के तहत कार्रवाई करने का फैसला किया है।





# जहीर इकबाल संग सोनाक्षी सिन्हा ने की सगाई!, ऐसे हुआ खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई कर ली है। सुनकर आपको यकीन तो नहीं हो रहा होगा लेकिन यह सच है। जी दरअसल उन्होंने हाल ही में डायमंड रिंग फ्लॉन्ट करते हुए फैंस के साथ यह गुडन्यूज शेयर की है। हालाँकि इसी के साथ सोनाक्षी ने अपने मंगेतर का नाम सीक्रेट रख लिया है। जी हाँ और उन्होंने अपने मंगेतर के नाम या चेहरे का खुलासा नहीं किया है। लेकिन अब तक की रिपोर्ट्स की मानें तो सोनाक्षी के ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि जहीर इकबाल हैं। जी हाँ, वैसे सोनाक्षी ने इस बात का हिंट दिया है। जी दरअसल जहीर इकबाल का नाम सोनाक्षी के साथ पहले भी कई दफा लाइमलाइट में आ चुका है।

दोनों को लेकर अब तक कई खबरें आईं हैं और दोनों को लगातार साथ भी देखा गया है। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि जहीर इकबाल हैं। आप सभी को बता दें कि दोनों के डेटिंग की खबर काफी समय से चल रही है। जी हाँ लेकिन दोनों ने अब तक अपने रिश्ते पर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है, पर अब लगता है समय आ गया है इस राज से पर्दा उठाने का। जहीर इकबाल ने नोटबुक, डबल ङ्गरु, कमाल खानः बुमरो में अपने एक्टिंग दिखा चुके है। जी हाँ और जहीर इकबाल के पापा इकबाल रत्नासी है जो कि सलमान खान के बचपन के दोस्त हैं।

आपको बता दें कि जहीर ने सलमान के साथ अपनी बचपन और यूथ, दोनों की फोटोज शेयर की हैं। वैसे जहीर ने एक्टिंग करियर के अलावा साल 2014 में सोहेल खान की फिल्म जय हो में भी काम किया है। इस फिल्म में वे बतौर असिस्टेंट काम कर रहे थे। अगर जहीर और सोनाक्षी के रिलेशनशिप की बात करें तो कहा जाता है दोनों की मुलाकात सलमान खान ने करवाई थी। वहीं फिलहाल सगाई के फोटोज को शेयर कर सोनाक्षी ने लिखा-मेरे लिए ये बड़ा दिन है। मेरे सबसे बड़े सपनों में से एक सपना सच होने जा रहा है और इसे आपके साथ शेयर करने का मैं इंतजार नहीं कर सकती हूं। विश्वास नहीं कर सकता कि यह स्ह्र श्र्वंद्ब था !!!! अब इस स्ह्र श्र्वंद्ब से फैंस मतलब निकाल रहे हैं सोनाक्षी सिन्हा एंगेजमेंट ज़हीर इकबाल। हालाँकि यह सच है या नहीं यह तो सोनाक्षी ही बता सकती हैं।

# जब मैंने पहली बार फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी तो मेरे रौंगटे खड़े हो गए थे, पृथ्वीराज को लेकर बोले अक्षय कुमार

अक्षय कुमार एक बेहतरीन अभिनेता है, इस बात में कोई शक नहीं है। वहीं आज उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म पृथ्वीराज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभा रहे हैं। हालाँकि उनकी मानें तो जब उनके पास फिल्म की स्क्रिप्ट आई तो उन्होंने इसे सुनते ही हामी भर दी थी। जी हाँ बीते दिनों दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद यह खुलासा किया था। जी दरअसल बीते दिनों अक्षय कुमार ने कहा था कि जब वह फिल्म का नैरेशन सुन रहे थे, तब उनके रौंगटे खड़े हो गए थे। उन्हें स्क्रिप्ट इतनी पसंद आई कि उन्होंने बिना देर किए फिल्म के लिए अपनी सहमति जता दी।

उन्होंने कहा, यह फिल्म इतिहास, देशभक्ति और उन सभी मूल्यों को साथ लाती है, जिन्हें हमें जीना चाहिए। फिल्म हमें एक ऐसी प्रेम कहानी सुनाती है, जो कम ही मिलती है। इसी के साथ अक्षय कुमार का यह भी मानना है कि डॉ। चंद्रप्रकाश द्विवेदी इस फिल्म के लिए निर्देशन के लिए एकदम सही इंसान हैं और वे ही इसके साथ न्याय कर सकते हैं। उन्होंने कहा, फिल्म बहुत बड़े स्केल पर बनी है, जो कि एक हिस्टोरिकल फिल्म डिजर्व भी करती है। मेरे लिए एक ऐसे शख्स का अभिनय करना सम्मान की बात है, जिसने हिन्दुस्तान के लिए जितना हम जानते हैं, उससे कहीं ज्यादा किया है। आप सभी को बता दें कि इस फिल्म में मिस वर्ल्ड की विजेता रहीं मानुषी छिल्लर बड़े पर्दे पर डेब्यू कर रही हैं। जी दरअसल वह फिल्म में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता की भूमिका में दिखाई देंगी।

# संजय को इंडस्ट्री में पूरे हुए 41 वर्ष, अभिनेता ने इस तरह जताया फैंस का आभार





अभिनेता संजय दत्त ने बॉलीवुड में खास पहचान बना ली है। एक्टर ने कई हिट मूवीज भी दी है। संजय को हीरो के साथ-साथ विलेन के किरदार में भी खूब पसंद भी करते है। अभिनेता के मूवी इंडस्ट्री में 41 साल पूरे हो गए हैं। अभिनेता ने डेब्यू मूवी  रॉकी की फोटोज शेयर कर फैंस का शुक्रिया अदा  कर दिया है।

फोटोज में संजय ब्लैक एंड गोल्डन शिमरी टी-शर्ट  में दिखाई दे रहे है। अभिनेता बहुत यंग लग रहे हैं। फोटोज साझा करते हुए संजय ने लिखा- 4 दशक + 1 साल जीवन भर की एक यात्रा भी की है। आप सभी ने मुझे रॉकी के रूप में फिर और अब अधीरा के रूप में जो प्यार दिया, उसके लिए धन्यवाद। मुझे उम्मीद है कि आने वाले वक्त में अपने सभी फैंस और शुभचिंतकों का मनोरंजन कर रहा हूँ। फैंस इस तस्वीर को खूब लाइक कर रहे हैं और एक्टर को शुभकामनाएं देने में लगे हुए है।

वर्कफ्रंट के बारें में बात की जाए तो संजय हाल ही में केजीएफ चैप्टर 2 में दिखाई दिए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कारोबार की। फिल्म में संजय को अधीरा के रोल में मूवी पसंद किया गया। अब संजय बहुत जल्द मूवी पृथ्वीराज में दिखाई देने वाले है। इस मूवी में अभिनेता के साथ अक्षय कुमार, मानुषी छिल्लर और सोनू सूद दिखाई देने वाले है।

# बिकिनी पहन पापा के सामने आईरा ने काटा केक, ट्रोलर्स बोले, बेशर्म बाप बेटी

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान की बेटी आइरा ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया है। वैसे आइरा ने भले ही फिल्मों में डेब्यू नहीं किया है लेकिन वह अक्सर की खबरों में बनी रहती हैं। जी हाँ, कभी अपनी नयी पोस्ट तो कभी अपने नए वीडियो के चलते आइरा चर्चाओं में रहती हैं। इन सभी के बीच एक बार फिर आइरा सुर्खियों में आ गईं हैं। जी दरअसल आइरा के खबरों में आने की वजह उनका बर्थडे है। बीते 8 मई को आइरा ने 25वां बर्थडे सेलिब्रेट किया और इस दौरान उनका जो लुक रहा, उसी के चलते वह ट्रोल हो रहीं हैं। जी दरअसल उनके इस दिन को उन्होंने पापा आमिर खान, मॉम रीना दत्ता और सौतेले भाई आजाद संग मनाया। जी हाँ और इस बर्थडे सेलिब्रेशन की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आप देख सकते हैं वायरल तस्वीर में आइरा मल्टी कलर की बिकिनी पहनकर केक काटती दिख रही हैं। वहीं ईयरिंग्स और फंकी शेड्स से आइरा ने लुक को पूरा किया है। इस दौरान उनके बगल में उनके पापा आमिर खान और सौतेला भाई आजाद भी हैं। उन दोनों को देखकर ऐसा लग रहा है कि सभी ने केक काटने से पहले पूल में जमकर एंजॉय किया।

आप देख सकते हैं आइरा की दूसरी तरफ उनकी मां और आमिर की एक्स वाइफ रीना भी खड़ी दिखाई दे रही हैं। हालाँकि अब आइरा को ट्रोल किया जा रहा है। कई लोग आइरा के लुक से नाखुश दिखे। एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा- बहुत पारिवारिक माहौल है। दूसरी तरफ एक अन्य यूजर ने लिखा-ये बर्थडे है कि पूल पार्टी। एक ने लिखा-ऐसे कौन मनाता है बर्थडे। इसके अलावा एक ने तो आमिर और आइरा दोनों को बेशर्म कह डाला है।

## बवाल के बीच हर किसी को दीवाना बना रहा है खेसारी लाल का ये नया गाना

पवन सिंह और खेसारी लाल यादव की लड़ाई आज किसी से भी छुपी नहीं है. लड़ाई को लेकर आये दिन दोनों ही स्टार्स सुखिऱ्यों में बने रहते है. खैर, इन दोनों स्टार्स का मामला कब सुलझने वाला है, ये वक्त आने पर ही मालूम पड़ेगा. इससे पहले हम आपको खेसारी लाल यादव के सुपरहिट गाने के बारें में कुछ खास बातें बताने जा रहे है. जिस पर खेसारी लाल यादव के फैंस बेशुमार प्यार लुटाते हुए दिखाई दे रहे है.

खेसारी के गाने पर ताबड़तोड़ व्यूजः मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खेसारी लाल की पर्सनल लाइफ में चाहें कुछ भी चल रहा हो, पर वो अपनी प्रोफेशनल लाइफ में फोकस करना नहीं भूल पाते है. पवन सिंह से पंगा लेने के बाद खेसारी लाल का गाना 'कूलर कुर्ती में' इंटरनेट पर धूम मचाता हुआ दिखाई दे रहा है. 'कूलर कुर्ती में' गाने को जबरदस्त व्यूज भी मिल चुके है. खेसारी लाल के इस गाने को अब तक  29 करोड़ व्यूज हासिल हो चुके है. 'कूलर कुर्ती में' गाने में भोजपुरी म्यूजिक लवर्स को खेसारी लाल और काजल राघवानी की केमिस्ट्री बहुत पसंद आ रही है.

दैनिक
न्यूज वायरस
न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002
email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा